देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 187 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
नहीं होना चाहिए भेदभाव



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 1 नवंबर 2023



PAGE 3 PUBLICATION | मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 17.0° | 63874.93 | 2 यूएन में इजरायल के तीखे तेवर | 7 हार्दिक पांड्या करेंगे कमबैक ?

# ऐपल ने अधूरी जानकारी दी: सरकार

## वॉर्निंग मेसेज पर सख्त हुई सरकार, हैकिंग के आरोप पर सरकार–विपक्ष आमने–सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कई विपक्षी नेताओं के मोबाइल फोन पर ऐपल निर्माता ऐपलनिक की ओर से भेजे गए वॉर्निंग मेसेज पर केंद्र सरकार सख्त रुख अपना रही है। अधूरी जानकारी देने को लेकर ऐपल पर निशाना साधते हुए सरकार ने इस मामले की जांच भी शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को ऐपलइंक. की ओर से विपक्षी सदस्यों को संभावित सरकार–प्रायोजित हमलेश की चेतावनी देने वाली धमकी संबंधी सूचनाओं पर चिंता व्यक्त की। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इससे पहले विपक्ष के कई नेताओं ने कहा है कि उन्हें ऐपल से वॉर्निंग मेसेज मिला है जिसमें कहा गया है कि "सरकार प्रायोजित हमलावर कहीं दूर से उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।" इन आरोपों के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कॉनफ्रेंस की। उन्होंने कहा, सरकार इस मुद्दे को लेकर चिंतित है और वह इसकी तह तक जायेगी। हम पहले ही इसकी जांच के आदेश दे चुके हैं।

शिव सेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस के शशि थरूर और उनकी पार्टी के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने ऐपल के वॉर्निंग मेसेज को एक्स पर शेयर किया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सूत्रों ने बताया कि पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी को भी इसी तरह का संदेश मिला।

वैष्णव ने बाद में कहा कि इस मुद्दे पर ऐपल की अधिकांश जानकारी अस्पष्ट है और खास नहीं लग रही है। मंत्री ने कहा, भारत सरकार सभी नागरिकों की गोपनीयता और सुरक्षा की रक्षा करने की अपनी भूमिका को बहुत गंभीरता से लेती है और इन अधिसूचनाओं की तह तक जाने के लिए जांच करेगी। उन्होंने कहा, इस तरह की जानकारी और व्यापक अटकलों के मद्देनजर, हमने ऐपल से कथित सरकार प्रायोजित हमलों पर वास्तविक, सटीक जानकारी के साथ जांच में शामिल होने के लिए भी कहा है।

### मुझे नहीं पड़ता फोन टैपिंग से फर्क: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि बहुत कम लोग उनके खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन हम डरे हुए नहीं हैं। आप जितनी चाहें उतनी फोन टैपिंग कर सकते हैं। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर तुम मेरा फोन लेना चाहते हो तो मैं तुम्हें दे दूंगा। राहुल ने कहा, पूरे विपक्ष के खिलाफ एप्पल का नोटिस आता है। कांग्रेस के कार्यालय में सभी लोगों को मिला है। कांग्रेस में लिस्ट बनी हुई है, यह सारे किसी न किसी तरीके से इस मामले में शामिल हैं।



### 150 देशों में जारी एडवाइजरी, जांच में शामिल हो ऐपल: सरकार

वैष्णव ने आगे बताया कि ऐपल का चेतावनी संदेश केवल भारत के लिए नहीं था बल्कि वैश्विक स्तर पर जारी किया गया था। उन्होंने कहा, ऐपल ने ये एडवाइजरी 150 देशों में जारी की है। उनके मेल से साफ है कि उनके पास कोई खास जानकारी नहीं है। उन्होंने यह अलर्ट एक अनुमान के आधार पर भेजा है। सूत्रों ने कहा कि ऐपल ने लगभग 150 देशों में उन व्यक्तियों को धमकी संबंधी सूचनाएं भेजी हैं, जिनके अकाउंट हैं और यह प्रक्रिया 2021 से चल रही है जब से वॉर्निंग मेसेज का सिस्टम ऐपल ने लाया है।

### विपक्षी सांसदों के दावों पर क्या बोला ऐपल

आईफोन निर्माता ऐपल इंक ने मंगलवार को कहा कि वह विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को भेजे गए चेतावनी संदेश को किसी विशिष्ट सरकार–प्रायोजित हमलावरों से नहीं जोड़ती और वह इस बारे में जानकारी नहीं दे सकती है कि ऐसी चेतावनियों का कारण क्या है। ऐपल ने एक बयान में कहा कि यह संभव है कि कुछ खतरे की सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं और कुछ हमलों का पता नहीं चल सकता। कंपनी ने कहा, "ऐपल खतरे की सूचनाओं के लिए किसी विशिष्ट सरकार–प्रायोजित हमलावर को जिम्मेदार नहीं ठहराता।" सरकार प्रायोजित हमलावर "आर्थिक और तकनीकी रूप से बहुत मजबूत होते हैं और उनके हमले समय के साथ विकसित होते हैं।"

## संक्षिप्त समाचार

### आजम खां को लगा एक और बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। सपा नेता आजम खां की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फर्जी सर्टिफिकेट मामले में सजा मिलने के बाद उन्हें मंगलवार को एक और बड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया कि रामपुर में जौहर ट्रस्ट को लीज पर दी जमीन को वापस माध्यमिक शिक्षा विभाग को दिया जाए। इसे योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।

### सचिन पायलट का सारा अब्दुल्ला से हुआ तलाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम और कांग्रेस कार्य समिति मेंबर सचिन पायलट पत्नी सारा पायलट से अलग हुए है। सचिन पायलट और सारा पायलट के बीच तलाक हो चुका है। पायलट के चुनावी एफिडेविट से इसका खुलासा हुआ है। एफिडेविट में पत्नी के नाम के आगे पायलट ने तलाकशुदा लिखा है।

# मिट्टी में वो चेतना है जिसने राष्ट्र को अनादिकाल से बचा कर रखा

## अमृत कलश यात्रा समापन समारोह में शामिल हुए पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया।

देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों और वीरांगनाओं को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। 12 मार्च 2021 को गांधी जी की प्रेरणा से साबरमती आश्रम से शुरू हुए आजादी के अमृत महोत्सव का अब 31 अक्टूबर 2023 यानी आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समापन का पल है। आज ये हुजूम एक नया इतिहास बन गया जैसे दांडी यात्रा शुरू होने के बाद देशवासी उससे जुड़ते गए, वैसे ही आजादी के अमृत महोत्सव ने जनभागीदारी का ऐसा हुजूम देखा कि नया इतिहास बन गया। 75 साल की ये यात्रा समृद्ध भारत के सपने को साकार करने वाला कालखंड बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा कैसे संगठित होकर हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मेरी माटी मेरा देश अभियान है। बड़ी–बड़ी महान सभ्यताएं समाप्त हो गईं, लेकिन भारत की मिट्टी में वो चेतना है जिसने इस राष्ट्र को अनादिकाल से आज तक बचा कर रखा है। ये वो माटी है, जो देश के कोने–कोने से, आत्मीयता और अध्यात्म, हर प्रकार से हमारी आत्मा को जोड़ती है। गौरतलब है कि सरदार पटेल की 148वीं जयंती के मौके पर पीएम दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं।

### ऐतिहासिक आयोजन की दिलाएगी याद

पीएम मोदी ने कहा कि इस महोत्सव का मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ समापन हो रहा है। आज आजादी का अमृत महोत्सव एक याद के लिए स्मारक का शिलान्यास भी हुआ है। ये स्मारक आने वाली पीढ़ियों को हमेशा इस ऐतिहासिक आयोजन की याद दिलाएगी। आज मेरा युवा भारत संगठन, यानि डल भारत की नींव रखी गई है। 21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण के लिए मेरा युवा भारत संगठन, बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है।

# अब घर से बाहर निकलना मुश्किल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और 4 पड़ोसी राज्यों से प्रदूषण रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट देने को कहा है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू किए गए उपायों का विस्तृत ब्यौरा देने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को एक सप्ताह का समय दिया गया है। न्यायमूर्ति एसके कौल की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ में न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा शामिल हैं। अब इस मामले की सुनवाई 7 नवंबर को होगी।

कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि इसका आने वाली पीढ़ियों पर भारी असर पड़ेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता के कारण अब घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पीठ ने कहा, कुछ दशक पहले दिल्ली में सर्दी का मौसम हुआ करता था। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का एक मुख्य कारण फसल जलाना है। नासा के आंकड़ों से पता चलता है कि अपेक्षाकृत धुआं रहित अक्टूबर के बाद पंजाब में पराली जलाने में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में रविवार को 1,068 खेतों में पराली जलाने की घटनाओं के साथ 740 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई – जो मौजूदा कटाई के मौसम में एक दिन में सबसे अधिक है।

### फटकार

- सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों को लगाई फटकार

### एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया है कि समस्या कब शुरू हुई और वर्तमान जमीनी स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) जैसे पैरामीटर और खेतों में आग लगने की घटनाओं की संख्या शामिल हो।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# तबाह हो रही पब्लिक हेल्थ सर्विस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जेनेवा। इजरायल–हमास युद्ध को आज 25 दिन पूरे हो चुके हैं। इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंगलवार को कहा, भीड़भाड़, बड़े पैमाने पर विस्थापन और पानी और स्वच्छता के बुनियादी ढांचे को नुकसान के बीच, गाजा में पब्लिक हेल्थ सर्विस की तबाही की चेतावनी दी। डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता क्रिश्चियन लिंडमियर ने नागरिकों की मौत के खतरे की चेतावनी दी है। हालांकि, यह सीधे तौर पर इजरायली बमबारी से नहीं जुड़ा है।

लिंडमीयर ने मीडिया से कहा, यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा है, जो बड़े पैमाने पर विस्थापन, भीड़भाड़, पानी और स्वच्छता के बुनियादी ढांचे को नुकसान के साथ मंडरा रही है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि 7 अक्टूबर के हमलों के जवाब में इजरायल द्वारा हमास द्वारा संचालित क्षेत्र पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से 8,300 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। वहीं, शुरुआती दिन में हमास ने इजरायल में 1,400 लोगों को मार डाला था और 200 से अधिक को बंधक बना लिया था।

### इजरायली सेना की जमीनी कार्रवाई के बीच डब्ल्यूएचओ ने दी चेतावनी

## न्यूज डायरी



### यूएन में इजरायल के तीखे तेवर, येलो बैज पहन जताया विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। इजरायल–हमास युद्ध का आज 25वां दिन है। इजरायली सेना लगातार हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है। हालांकि, युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजरायल–हमास युद्ध पर चर्चा हुई। इस दौरान इजरायली राजदूत संयुक्त राष्ट्र में येलो बैज पहने नजर आए। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायल के राजदूत अपनी टीम के साथ येलो बैज पहनकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हमास के हमलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब तक संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हमास के अत्याचारों की निंदा नहीं करेंगे, तब तक वह अपना बैज पहने रहेंगे। इजरायल के राजदूत गिलाद एर्डन ने कहा कि आपमें से कुछ लोगों ने पिछले 80 सालों में कुछ नहीं सीखा है। आप भूल गए हैं कि इसकी स्थापना क्यों की गई थी। इजरायली राजदूत ने 7 अक्टूबर को हमास आतंकियों द्वारा किए गए हमलों पर चुप रहने के लिए सुरक्षा परिषद की निंदा की। राजदूत ने कहा कि मैं आपको आज से यह बात याद दिलाता रहूंगा कि बुराई के सामने चुप रहने का क्या मतलब होता है। उन्होंने कहा कि अब से मैं और मेरी टीम येलो बैज पहनेगी। क्योंकि यहूदियों को नाजियों द्वारा येलो बैज पहनने के लिए मजबूर किया गया था। राजदूत ने कहा कि हम इसे गौरव के प्रतीक के रूप में पहनेंगे।

### अमेरिका में हिंदू मंदिर में हुई चोरी, दान पेटी लेकर उड़े चोर, सदमे में भारतीय समुदाय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने मंदिर परिसर से एक दान पेटी को चुरा लिया, जिससे भारतीय हिंदू समुदाय सदमे में हैं। सैक्रामेंटो बी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना सोमवार को पार्कवे पड़ोस में हरि ओम राधा कृष्ण मंदिर में लगभग 2:15 बजे हुई। सैक्रामेंटो पुलिस विभाग हिंदू मंदिर में चोरी की घटना की जांच कर रहा है। पुलिस ने यह खुलासा नहीं किया कि क्या चोरी हुआ, लेकिन डिस्पैच ऑडियो से संकेत मिलता है कि एक दान पेटी चोरी हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि डिस्पैचर्स ने लोगों को बताया कि सर्विलांस वीडियो के माध्यम से छह संदिग्धों को मंदिर परिसर में देखा गया, जिनमें से दो मंदिर के अंदर गए थे। पुलिस ने कहा कि मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन घटना की जांच जारी है। इस बीच, इस घटना की निंदा करते हुए अमेरिका स्थित वकालत संगठन गठबंधन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका (सीओएचएनए) ने सैक्रामेंटो पुलिस से इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेने और संभावित घृणा अपराध के रूप में इसकी जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो से परेशान करने वाली खबर सामने आई है।

### यूक्रेन की जंग को एशिया तक लेकर जाने की कोशिश में अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा है कि अमेरिका अपना आधिपत्य बनाए रखने के लिए भू–राजनीतिक तनावों को हवा दे रहा है। साथ ही उन्होंने प्रमुख देशों के बीच टकराव के खतरे को लेकर चेतावनी भी दी है। बीजिंग में आयोजित शियांगशन फोरम'को संबोधित करते हुए शोइगु ने यह भी कहा कि अमेरिका और उसके एशिया–प्रशांत सहयोगी क्षेत्र में स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। चीन में हर साल आयोजित होने वाली यह कार्यक्रम सैन्य कूटनीति पर केंद्रित होता है और इसे सबसे बड़ा आयोजन माना जाता है। शोइगु ने कहा, अपना भूराजनीतिक और रणनीतिक प्रभुत्व बरकरार रखने के लिए अमेरिका अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्थिरता के आधार को जानबूझकर कमजोर कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगी उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्व की ओर विस्तार से रूस को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों का उद्देश्य रूस के साथ संघर्ष बढ़ाना और प्रमुख देशों के टकराव के जोखिम को बढ़ाना है। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। यूक्रेन में रूस के युद्ध के बारे में शोइगु ने कहा कि अगर स्थिति उचित रहती है तो मॉस्को बातचीत करने के लिए तैयार है। शांगफु को पिछले सप्ताह चीन के रक्षा मंत्री पद से हटा दिया गया था।

# हमास निर्दोष नागरिकों को सुरक्षित ठिकानों पर जानें दे

## गाजा में आम नागरिकों की रक्षा की कोशिश में जुटा इजरायल

**दावा**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। इजरायल हमास युद्ध का मंगलवार को 25वां दिन है। इस युद्ध में अब तक 8,306 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। वहीं, 1400 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा पट्टी पर लगातार इजरायली सेना द्वारा बमबारी और सैन्य अभियान चलाई जा रही है। युद्ध की वजह से गाजा में मौजूद कई निर्दोष नागरिकों की भी मौत हो चुकी है। गाजा में ना तो राहत शिविर सुरक्षित है और ना ही अस्पताल।

इजरायली सैनिकों द्वारा किए जा रहे बमबारी और गोलीबारी की वजह से गाजा में लोग हर पल मौत के साये में जीने के लिए मजबूर हैं। इस बात पर अमेरिका सहित पूरी दुनिया चिंतित है। कुछ दिनों पहले अमेरिका ने इजरायल से यह अनुरोध किया था कि इजरायली सैनिक निर्दोष नागरिकों पर हमला न करें। वहीं, जरूरी है कि इजरायल, गाजा में



मौजूद आतंकियों और नागरिकों के बीच अंतर समझे।

वहीं, अब व्हाइट हाउस में नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि उन्हें लगता है कि इजरायल, गाजा में मौजूद निर्दोष लोगों के प्रति सहानुभूति रखता है। वहीं, इजरायल की कोशिश है कि गाजा में कम से कम मानवीय क्षति पहुंचाई जाए।

उन्होंने आगे कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल की लड़ाई गाजा में मौजूद निर्दोष नागरिकों से नहीं बल्कि आतंकवादियों से है। हमारा लक्ष्य सिर्फ हमास को खात्मा करना है।

जॉन किर्बी से जब पूछा गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को लगता है कि इजरायल युद्ध नियमों का पालन कर रहा है तो उन्होंने इसका सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि इस युद्ध में कई निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

जॉन किर्बी ने आगे कहा कि इजरायल का सिर्फ एक ही लक्ष्य है, वो है हमास को मिटाना। हमास फलस्तीनी नागरिकों को सुरक्षा ढाल (मानव शील्ड) के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास नागरिकों को दक्षिणी गाजा में सुरक्षित क्षेत्र में जाने से रोक रहा है। एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा, हमारी कोशिश है कि एक भी गाजा में मौजूद एक भी निर्दोष लोगों की मौत ना हो। हमास निर्दोष नागरिकों को सुरक्षित ठिकानों पर जानें दे। निर्दोष नागरिकों की हत्या को लेकर हमास से सवाल से पूछे जाने की आवश्यकता है।

## अरुणाचल में जहां हुई थी घुसपैठ, नई तस्वीरों से सामने आया सच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। भारत और चीन के बीच स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा से नई सैटेलाइट तवीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों से साफ पता चलता लगता है कि चीन के इरादे नेक नहीं हैं। एक भारतीय अखबार के हाथ लगीं कुछ सैटेलाइट तस्वीरों पर अगर यकीन करें तो चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में यांग्त्जी के ठीक सामने भारी तैनाती कर डाली है।

एलएसी पर इस भारी तैनाती से जुड़ी तस्वीरों से साफ है कि चीन भारत के खिलाफ कोई न कोई साजिश कर रहा है। पिछले साल दिसंबर में इसी सेक्टर में चीनी सेना ने घुसपैठ की थी। मई 2020 से ही पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति है।

सूत्रों के हवाले से बताया है कि हाल ही में सैटेलाइट तस्वीरों के करीबी विश्लेषण से पता चलता है कि चीन ने गहराई वाले कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सेना की तैनाती की है। यह तैनाती , विशेष रूप से एलएसी के साथ लगे तवांग सेक्टर में यांग्त्जी में की गई है। सूत्रों की मानें तो चीनी सेना ने इस क्षेत्र में सड़क निर्माण सहित प्रमुख बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं शुरु कर दी हैं। एक अधिकारी के हवाले से अखबार ने लिखा है कि यह चिंताजनक है और इस क्षेत्र में लगातार चीनी घुसपैठ देखी जा रही है।



## मंगल के दोनों चंद्रमाओं से जुड़े रहस्य खोलेगा जापान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। मंगल ग्रह को रहस्यों से भरा माना जाता है। खासतौर से मंगल पर जीवन है या नहीं, ये पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों के सामने एक पहेली है। जीवन की संभावनाओं के अलावा भी लाल ग्रह पर बहुत से ऐसे रहस्य हैं, जिनको हल करने की कोशिश में वैज्ञानिक हैं। अभी तक कोई निश्चित रूप से नहीं जानता कि मंगल के दो चंद्रमा फोबोस और डेमोस कहां से पहुंचे या वे किस चीज से बने हैं। अब एक नया स्पेसक्राफ्ट मंगल ग्रह के चंद्रमाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है। जापान का मार्टियन मून्स एक्सप्लोरेशन (एमएमएक्स) स्पेसक्राफ्ट मिशन में फोबोस की ड्रिलिंग और सैंपलिंग में शामिल है।

# स्पेस में 6 महीने बिताकर वापस लौटे 3 अंतरिक्ष यात्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ताइपे। चीन के तीन अंतरिक्ष यात्री छह महीने तक चीन के परिक्रमा अंतरिक्ष स्टेशन में रहने के बाद मंगलवार की सुबह पृथ्वी पर लौट आए हैं। आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने कहा कि जिंग हैपेंग, झू यांग्झू और गुई हाई चाओ गोबी रेगिस्तान के किनारे जिओ क्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर के पास रिटर्न कैप्सूल से निकले। स्टेशन का नया दल पिछले सप्ताह तियांगोंग स्टेशन पर पहुंच गया है। स्टेशन का का पूरा हो गया है, अब नया दल चिकित्सा और वैज्ञानिक प्रयोग करेगा और उपकरणों को इसके अनुसार रखेगा। चीन ने 2003 में अपना पहला

**नए दल को भेजने के लिए सभी टेस्ट हुए पूरे**

मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन बनाया और 2030 से पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना बनाई है। यह चंद्रमा की सतह से सैंपल वापस लाया है और चंद्रमा के कम खोजे गए सुदूर हिस्से पर एक रोवर उतारा है। भविष्य में योजना बनाई गई है कि ब्रह्मांड की गहराई से जांच करने के लिए एक नई दूरबीन भेजी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर किए जाने के बाद चीन ने अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया। इसको निकालने का मुख्य कारण राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर चीनी सैन्य नियंत्रण पर अमेरिका की चिंताएं थीं।

बाहरी अंतरिक्ष में नए मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए बीजिंग अमेरिका के साथ मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। यह प्रौद्योगिकी, व्यापार, सैन्य और राजनयिक क्षेत्रों में दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रभाव की प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। इसमें दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का चीन का दावा और स्व–शासित ताइवान विवाद के विशेष बिंदु हैं। इस बीच, अमेरिका का लक्ष्य चंबग और ब्लू ओरिजिन जैसे निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों की सहायता से क्रू मिशन के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता के तहत 2025 के अंत तक अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्र सतह पर वापस लाना है।

## पुतिन के आरोपों पर अब आया व्हाइट हाउस का जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के दागेस्तान में जो कुछ भी हुआ, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उसके लिए यूक्रेन और पश्चिमी देशों को दोषी ठहरा दिया है। पुतिन का कहना है कि इजरायल विरोधी दंगों का मकसद पूरे रूस में अशांति पैदा करना था। दागेस्तान के मखाचकाला एयरपोर्ट को उस समय बंद करना पड़ गया जब यहां तेल अवीव से एक आई एक फ्लाइट ने लैंडिंग की। इस फ्लाइट के आते ही सैंकड़ों लोगों की भीड़ एयरपोर्ट के रनवे तक पहुंच गई। फ्लाइट में इजरायल का एक नागरिक सवार था। कई लोगों के हाथों में फिलिस्तीन के झंडे थे और ये इस्लामिक नारे लगा रहे थे। पुतिन के दावे को अमेरिका ने मानने से इनकार कर दिया है। व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में रूस के दावों के बारे में जब पूछा गया तो अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने इसका जवाब दिया।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आयुष्मान कार्ड धारकों को उचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए

**निर्देश** — बिना जिलाधिकारी की स्वीकृति के कोई भी बिल आहरण न किया जाए: डीएम

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जनपद के जिला चिकित्सालय एवं माधवाश्रम चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा उपलब्ध हो इसके लिए जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कक्ष में जिला चिकित्सालय संचालन मंडल समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक भरत सिंह चौधरी ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में उपलब्ध उपकरण एवं संसाधनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि दोनों ही चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को उचित चिकित्सा उपलब्ध हो इसके लिए जो भी उपकरण एवं सामग्री की आवश्यकता है उसके लिए पत्रावली प्रस्तुत करते हुए व्यय होने वाली



धनराशि का अनुमोदन अनिवार्य रूप से लिया जाए। जिससे कि संबंधित सामग्री एवं उपकरणों के लिए नियमानुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने चिकित्सालय में कनिष्ठ लिपिक एवं वार्ड बॉय के पदों पर तैनाती करने के लिए उपनल एवं आउटसोर्स के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि जिला चिकित्सालय में कार्यरत डॉक्टरों एवं कार्मिकों के सभी के नेम प्लेट एवं आई कार्ड निर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय में उपचार हेतु आने वाले आयुष्मान कार्ड धारकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो तथा किसी भी डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा उन्हें किसी भी तरह से भ्रमित न किया जाए। ऐसा करने वाले डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध उनकी शिकायत करने के लिए चिकित्सालय में नोटिस बोर्ड लगाने के निर्देश दिए जिसमें सीएमएस का नंबर एवं जिला चिकित्सालय का नंबर अंकित करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी व्यक्ति इन नंबरों पर शिकायत कर सकता है। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक सप्ताह आयुष्मान कार्ड धारकों के किए गए उपचार एवं रैफर किए गए व्यक्तियों के संबंध में पूर्ण विवरण सहित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे उपचार जिसमें अल्ट्रासाउंट, डायलेसिस, आर्थो, सर्जरी, एक्सरे, पैथोलॉजी आदि सभी विभागों का प्रतिदिन डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भी निर्देश दिए हैं कि बैठक में जिन प्रस्तावों पर समिति की संस्तुति की गई है उस पर अलग से प्रस्ताववार पत्रावली प्रस्तुत के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि बिना उनकी संस्तुति के कोई भी बिल का आहरण न किया जाए।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने देश के प्रथम गृह मंत्री और लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनकी घंटाघर स्थित मूर्ति पर प्राप्त 9:30 बजे पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल जी को 1928 में गुजराती बारडोली सत्याग्रह में सरदार की उपाधि दी गई थी जिसका अर्थ प्रमुख या नेता होता है वह इस उपाधि के हकदार थे हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए किस प्रकार उन्हें लोह पुरुष कहा गया हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश की सुरक्षा के बारे में सोचना चाहिए सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करने वालों में प्रभात डंडरियाल,आरिफ वारसी, प्रदीप कुकरेती, सुशील विरमानी ,सुरेश कुमार, अतुल शर्मा संदीप गुप्ता, पारस यादव ,विपुल नौटियाल, आदि शामिल रहे।

### जेल में बंद गरीब कैदियों को जुर्माना अदा करने के लिए मिलेगी वित्तीय सहायता

**संवाददाता** चमोली। जेलों में बंद ऐसे गरीब कैदी जो आर्थिक तंगी के कारण उन पर लगाए गए जुर्माना या जमानत राशि वहन नही कर पाने के कारण जेल से रिहा नही हो पा रहे है, उनके लिए भारत सरकार द्वारा गरीब कैदी सहायता योजना शुरू की गई हैं। जिसमें गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके लिए जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सशक्त समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु जनपद स्तर पर गठित सशक्त समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जेल में बंद ऐसे कैदी जो जुर्माना राशि या जमानत राशि अदा न करने के कारण जेल में बंद है, उनको चिन्हित किया जाए और अगली बैठक में ऐसे मामलों को वित्तीय सहायता हेतु समिति के सम्मुख प्रस्तुत करें।

### लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने सोरायसिस के इलाज के लिए लॉन्च किया टाइनेफकॉन

**संवाददाता** देहरादून। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी एवं एक प्रमुख हेल्थकेयर व वेलनेस कंपनी लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने सोरायसिस के इलाज के लिए एक पेटेंट दवा टाइनेफकॉन लॉन्च की है। लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने भारत में पिरामल लाइफ साइंसेज द्वारा तैयार पेटेंट प्रोडक्ट के लिए इनवेक्स हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एक्सक्लूसिव एग्रीमेंट किया है। टाइनेफकॉन को सोरायसिस के संपूर्ण इलाज के लिए टैबलेट, क्रीम, शॉवर जेल और स्कैल्प वॉश जैसे 4 रूपों में लॉन्च किया जा रहा है। इसकी कीमत 799 रुपये से 3900 रुपये है। लॉर्ड्स मार्क बायोटेक टाइनेफकॉन के लिए एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर है।

# जल्द होगा खेल महाकुंभ का आगाज

**संवाददाता** चमोली। जनपद चमोली में खेल महाकुंभ का आगाज होने जा रहा है। जिला युवा कल्याण एवं प्रारद अधिकारी एस नयाल ने बताया कि खेल महाकुंभ के अन्तर्गत न्याय पंचायत स्तर पर 15 नवंबर तक, विकासखंड स्तर पर 16 नवंबर से 30 नवंबर तक, जनपद स्तर पर 01 से 15 दिसंबर तक और राज्य स्तर पर 16 दिसंबर से 30 दिसंबर तक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने की तिथि निर्धारित की गई है।

खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाडियों को निःशुल्क पंजीकरण फार्म सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण कार्यालयों एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में उपलब्ध है। इसके अलावा वेबसाइट पर भी पंजीकरण फार्म उपलब्ध है। खेल महाकुंभ के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सभी संबधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि खेल महाकुंभ के दौरान प्रत्येक स्तर पर पेयजल, शौचालय, साफ सफाई, सुरक्षा, चिकित्सा आदि जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

जिला युवा कल्याण एवं प्रारद अधिकारी ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर अंडर–14 तथा अंडर 17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स (दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला, चक्का व भाला फेंक, रिले दौड़) खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



### सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई

**संवाददाता** पुरोला। राज्य सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से पूर्व गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर राइका खेल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया साथ ही सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों के प्रचार व प्रसार के अलावा साथ ही आजादी के 76 वर्षों की सरदार पटेल की स्मृतियों से जुड़े याद गार प्रचार–प्रसार को प्रर्दशनी लगाई गई। एकता दिवस पर क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने जहां बीते 9 वर्षो में महिलाओं,युवाओं,बेरोजगारों समेत शिक्षा,स्वास्थ्य पेयजल आदि सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी वहीं वक्ताओं ने स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की देश के राज्य रजवाडों को एक सूत्र में बांध कर देश की एकता–अखंडता में किये गये प्रयास, योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# यातायात में सुगमता लाएगी रुद्रप्रयाग में तैयार सुरंगः विधायक

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय में ऋषिकेश–बदरीनाथ व रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन 900.3 मीटर लंबी सुरंग के आरपार होने पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने सुरंग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) एवं कार्यदायी संस्था को बधाई देते हुए निश्चित समय से पहले सुरंग आरपार करने पर सराहना की।

रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने मंगलवार सुबह सुरंग का निरीक्षण करते हुए कहा कि रुद्रप्रयाग जनपद चार धाम यात्रा मार्ग के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव में

**विधायक भरत सिंह चौधरी ने किया निर्माणाधीन सुरंग का निरीक्षण**

से एक है। लेकिन जाम की समस्या के चलते हर वर्ष यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ऐसे में ऋषिकेश–बदरीनाथ व रुद्रप्रयाग गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने के लिए तैयार सुरंग यातायात में सुगमता के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था भारत कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों व मजदूरों को तेजी से कार्य करने के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। विधायक ने प्रस्तावित पुल का निर्माण भी तेजी से करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह ने बताया कि जनवरी 2023 में सुरंग निर्माण का कार्य शुरू हो गया था। परियोजना के तहत सुरंग के साथ ही अलकनंदा नदी पर 200 मीटर लंबा मोटर पुल भी प्रस्तावित है, जिसके एबेडमेंट के लिए खोदाई जोरों पर चल रहा है। 156 करोड़ की लागत से तैयार हो रही परियोजना का कार्य जुलाई 2025 तक पूरा कर दिया जाएगा। वहीं भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी के एजीएम अश्विनी कुमार ने बताया कि यह कार्य तय समय से लगभग दो माह पहले किया गया है। सुरंग के निर्माण में मशीनों के साथ–साथ 150 मजदूरों के द्वारा दो शिफ्ट में निरंतर कार्य किया गया, जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। अब, दूसरे चरण के कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे।

### पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं एवं उपक्रमों में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली गई। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने कलेक्ट्रेट पसिर में अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई कि ''मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।''

# नहीं होना चाहिए भेदभाव

**फैसले में अलग-अलग तरह से यह बात रेखांकित की गई है कि ऐसे रिश्ते बनाने वालों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए और सभी सुविधाओं तक उनकी निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।**

अनुज सनवाल।।

आखिरकार, सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। ऐसे कपल्स को गोद लेने का अधिकार भी नहीं मिला। इसी साल अप्रैल और मई में सुनवाई पूरी करने के करीब पांच महीने बाद आया यह फैसला एलजीबीटी बिरादरी और उसके समर्थकों के लिए निराशाजनक कहा जाएगा। खासकर इसलिए भी कि 2018 में समलैंगिक रिश्तों को प्रतिबंधित करने वाली धाराएं सुप्रीम कोर्ट की ओर से खारिज किए जाने के पांच साल बाद उम्मीद की जा रही थी कि शीर्ष अदालत के दखल से समाज इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ेगा। वह संभव नहीं हुआ। हालांकि फैसले को देखने से यह भी साफ होता है कि सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक रिश्तों को किसी भी मायने में कमतर समझे जाने के पक्ष में नहीं है। फैसले में अलग-अलग तरह से यह बात रेखांकित की गई है कि ऐसे रिश्ते बनाने वालों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए और सभी सुविधाओं तक उनकी निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। कोर्ट के फैसले का मुख्य आधार यह रहा कि इन शादियों को कानूनी मान्यता देने का सवाल विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है।



संवैधानिक लिहाज से यह आधार वाजिब है और अपनी सीमा का सम्मान कर सुप्रीम कोर्ट ने सही किया। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनाएगी? इसमें कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। जब बतौर नागरिक दो वयस्क व्यक्ति अपनी इच्छा से संबंध बनाने और साथ रहने के हकदार हैं तो उनके उस संबंध को कानूनी मान्यता भी मिलनी ही चाहिए। इस दिशा में मौजूदा नियम-कानूनों की जो बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए। यह काम संसद कर सकती है और उसे करना भी चाहिए। लेकिन जो तथ्य इस बारे में ज्यादा आशान्वित नहीं होने दे रहा वह है मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख। सरकार ने इस मामले में कोर्ट में दोहराया कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इससे कई तरह की कानूनी उलझनें पैदा होंगी। यही नहीं, उसका यह भी कहना था कि यह एक इलीटिस्ट और शहरी अवधारणा है और इस तरह का संबंध रखने वाले लोगों की संख्या देश में बहुत कम है।

हालांकि CJI ने अपने फैसले में साफ कहा कि इसे सिर्फ इस आधार पर शहरों तक सीमित अवधारणा नहीं कहा जा सकता कि ऐसे संबंधों के ज्यादातर उदाहरण शहरों में ही देखने को मिलते हैं। इसका कारण यह हो सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के दबाव में लोग ऐसे संबंध खुलकर स्वीकार नहीं कर पाते। बहरहाल, इससे इतना तो स्पष्ट है ही कि संसद के मौजूदा बहुमत से इस दिशा में किसी कारगर पहल की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## जीव आत्मा

**अशोक वोहरा।**





मंदिर मे यमराज की सभा लगती है। गरुनपुराण के अनुसार इस मंदिर मे वही जीव आत्मा जा सकती है जो धर्म के मार्ग पर चलती हो , कभी असत्य न कहती हो , शांत स्वभाव की हो , व्रत -पूजा -दान पुण्य और अच्छे कर्म करती हो ऐसे जीव आत्माओ को ही यमराज की सभा का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिलता है। यमराज ऐसी के साथ मित्र के समान आचरण करते है उन्हे सिंहासन देते है और नमसकर करते है। इस सभा मे चित्रगुप्त सहित कई महान गण ऋषि मुनि ज्ञानी तपस्वी रहते है। देव ने वेदों का उदाहरण देते हुए कहा- "कुर्वन्नेवह कर्माणि जिजीविषेच्छनं समाः एवान्त्वाप नान्यतोअस्ति व कर्म लिप्यते नरे.." अर्थात 'कर्म करते हुए सौ वर्ष जीने की ईच्छा करो तो कर्मबंधन में लिप्त हो जाओगे।

## संपादकीय

### साजिशों की गुत्थी

जाहिर है, सबूतों के अभाव में आतंकी हमले के पीछे की गुत्थी सुलझाना फिलहाल संभव नहीं हो रहा, लेकिन जब तक यह गुत्थी सुलझ नहीं जाती तब तक इस संभावना को खारिज करना भी मुश्किल है कि इस्राइली व अमेरिकी प्रभाव को रोकने के लिए हमास की साजिश में ईरान के अलावा कुछ और देश शामिल हो सकते हैं। इन संधियों और समझौतों से फलस्तीन और ईरान दरकिनार हो रहे थे। इन्हें समर्थन देने वाले चीन और रूस को भी यह स्थिति नागवार गुजर रही थी। चीन की रणनीति थी कि वह मध्य पूर्व में ईरान और सऊदी अरब से दोस्ती कर अपनी स्थिति मजबूत बनाएगा। दूसरी ओर, रूस सीरिया, ईरान, आदि देशों में अपनी पैठ बना चुका था। अमेरिकी पहल पर ही सऊदी अरब व इस्राइल के बीच दोस्ती की कोशिश हुई, जिसमें सऊदी अरब ने मध्य पूर्व के केंद्र में राजनीतिक मसलों के बदले आर्थिक सहयोग को ऊपर रखने का विजन पेश किया। इससे भी फलस्तीन आंदोलन पृष्ठभूमि में जाता हुआ लगा। कुल मिलाकर, मध्य पूर्व में अमेरिका की वापसी हो रही थी, जिसे ईरान तो क्या चीन और रूस भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे।

हमास के इस हमले से जहां अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इस्राइल और भारत के बीच आपसी सहयोग के दूरगामी विजन को धक्का लगा है, वहीं ईरान और उसके साथी देश चीन व रूस का मनोबल बढ़ गया है।

# चीन-रूस को फायदा

रंजीत कुमार।।

दुनिया के सबसे मजबूत और अभेद्य माने जाने वाले सुरक्षा और गुप्तचर तंत्र से लैस इस्राइल को अचानक चारो खानो चित करने की क्षमता आतंकवादी संगठन हमास ने दिखा दी है। हमास का गढ़ फलस्तीन के गाजा पट्टी इलाके में है, जहां के शासन में उसका दबदबा है। इस संगठन ने करीब 1,000 इस्राइलियों को मौत के घाट उतार कर मध्य पूर्व के इलाके में जबरदस्त राजनीतिक असर छोड़ा है। लेकिन सवाल यह है कि इस्राइल पर हुए इतिहास के इस सबसे भीषण हमले के पीछे क्या अकेले हमास ने साजिश की या उसमें कई अन्य देशों की ताकत भी लगी हुई थी। अमेरिका जैसे ताकतवर देश की अनुभवी खुफिया एजेंसी को भी इस आतंकी हमले की कुछ भनक नहीं लग सकी, तो माना जाना चाहिए कि यह अकेले ईरान जैसे देश के भी बूते की बात नहीं है। हालांकि ईरान ने हमले में अपना हाथ होने के आरोपों से इनकार किया है।

हमास के इस हमले से जहां अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इस्राइल और भारत के बीच आपसी सहयोग के दूरगामी विजन को धक्का लगा है, वहीं ईरान और उसके साथी देश चीन व रूस का मनोबल बढ़ गया है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि हमले के बाद फलस्तीन मसला फिर से दुनिया में चर्चा का



विषय बन गया है, जिससे मध्य पूर्व में चीन और रूस का दबदबा भी फिर से बहाल करने में आसानी होगी। इस संदर्भ में कई और तथ्य हैं जो ध्यान खींचते हैं और जिन पर ठंडे दिमाग से गौर करने की जरूरत है। आखिर हमास के पास रॉकेटों का इतना बड़ा भंडार कैसे और कब से इकट्ठा हो रहा था? अब तक यही माना जाता रहा है कि इस संगठन के पास 30 से 50 हजार जिहादियों की ऐसी फौज है, जो आधुनिकतम जमीनी बारूदी विस्फोटकों, असॉल्ट राइफलों, रॉकेटों, छोटी मिसाइलों, हथगोलों आदि से लैस है। जिस तरह के रॉकेटों और ग्लाइडरों का इस्तेमाल हमास ने इस हमले में किया, उनका निर्माण करने की क्षमता उसके पास किसी भी सूरत में नहीं हो सकती। इसमें किसका हाथ हो सकता है, इस बारे में पुष्ट खुफिया जानकारी दुनिया की किसी भी खुफिया एजेंसी के माध्यम से अब तक सामने नहीं आई है। इसका मतलब यह निकलता है कि हमास के कंधे का इस्तेमाल उन ताकतों ने किया है, जो उसके मुकाबले कहीं ज्यादा सफाई और कुशलता से इस काम को अंजाम दे सकती थीं।

खैर, हमास के हमले को नाकाम करने में इस्राइल जिस तरह से नाकाम रहा, उसने भी सबको चौंकाया है, लेकिन इसकी अपनी वजहें हो सकती हैं। नवंबर, 2022 में दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद बेंजामिन नेतन्याहू ने न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति व्यवस्था बदलने के लिए संविधान में संशोधन का प्रस्ताव किया। इसे लेकर इस्राइल में विरोध भी रहा है। माना जाता है कि इस बहस ने इस्राइली सेना के आला अधिकारियों को भी निराश किया है। इस्राइली सेना में जो युवा रंगरूट भर्ती किए जाते हैं, उनमें देश के प्रति वैसा समर्पण नहीं दिखता जैसा उनसे पहले की पीढ़ियों में दिखता था। वजह शायद यह है कि उनका जन्म ऐसे इस्राइल में हुआ है, जिसने यहूदियों पर होने वाले ऐतिहासिक अत्याचार, दमन और यातना को नहीं देखा है। इसके विपरीत हमास के जिहादी शहादत को हमेशा तैयार रहते हैं। फलस्तीनी समुदाय जिस तरह के अत्याचार और दमन का सामना कर रहा है, उसमें उन्हें यह अहसास रहता है कि उनकी कुर्बानी बेकार नहीं जा रही।

### अष्टयोग- 4965

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 3 | | | |
| | 30 | | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 1 | | 2 | | 3 | 7 | |
| | 29 | 6 | 40 | | 34 | |
| | 3 | | 7 | 6 | 1 | 2 |
| | 33 | | 42 | | 26 | |
| 3 | 1 | | | 2 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गाढ़े काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4964 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 30 | 7 | 41 | 4 | 37 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### इस्राइल की संप्रभुता को मान्यता देने का ऐलान

**मोहन।** मध्य पूर्व के इलाके में अपनी और फिर वहां की राजनीति में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए अमेरिका ने हाल में जो कूटनीतिक कदम उठाए हैं, उनसे लग रहा था कि फलस्तीन मसला हाशिये पर चला जा रहा है और इस्राइल को मध्य पूर्व की राजनीति में अहम भूमिका मिलने वाली है। सितंबर, 2020 को अमेरिकी पहल पर इस्राइल और संयुक्त अरब अमीरात व बहरीन के बीच द्विपक्षीय संधियां अब्राहम समझौता के नाम से हुईं जिसमें दोनों ने इस्राइल की संप्रभुता को मान्यता देने का ऐलान किया। इस संधि से ईरान पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया। अमेरिकी पहल से ही चार देशों के बीच आर्थिक सहयोग का एक कूटनीतिक ढांचा I2U2 (इस्राइल, भारत, संयुक्त अरब अमीरात व अमेरिका) बना और इन देशों के बीच सहयोग समझौता 14 जुलाई, 2022 को हुआ। बाद में नौ सितंबर को नई दिल्ली में भारत- मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा का एलान किया गया, उसमें भी अमेरिका का अहम योगदान रहा।





## रणवीर सिंह ने कहा– सबसे नटखट सबसे निराला, आला रे आला सिम्बा आला

रणवीर सिंह रोहित शिट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में आइकॉनिक सिम्बा की भूमिका निभाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इस फिल्म में लीड रोल में अजय देवगन नजर आनेवाले हैं। रोहित शेट्टी की अगली फिल्म सिंघम 3 में रणवीर सिंह एक बार फिर संग्राम भालेराव यानी सिम्बा की भूमिका के लिए बिल्कुल तैयार हैं। सिम्बा के लुक में सिंघम 3 के इस ने पोस्टर को देख फैन्स काफी उत्साहित दिख रहे हैं। इंस्पेक्टर संग्राम भालेराव सिम्बा के रूप में इस पोस्टर में पहले से अधिक आकर्षक लग रहे हैं। इस पोस्टर लाल रंग के बैकग्राउंड के साथ हनुमान जी की बड़ी सी तस्वीर भी नजर आ रही है। एक बार फिर दर्शकों के भरपूर मनोरंजन की गारंटी देती दिख रहा है ये पोस्टर। रणवीर ने इसे शेयर करते हुए लिखा है, सबसे नटखट, सबसे निराला, आला रे आला, सिम्बा आला। लोगों ने पोस्टर देखकर कहा है– कित्ती मस्त, आमचा सिम्बा। एक ने कहा है– आग है बाबा आग। कुछ ने कहा– फर्स्ट डे फर्स्ट शो। अजय देवगन ने भी इस पोस्टर को शेयर किया है और लिखा है, हमारे स्क्वॉड का सबसे शरारती ऑफिसर। अजय देवगन के इस पोस्ट पर लोगों ने फिल्म को लेकर अपना उत्साह खूब दिखाया है और कहा है कि श्सिम्बाश को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## घर के लिए दर–दर भटक रहे विक्रम गोखले का सहारा बने थे अमिताभ बच्चन

विक्रम गोखले भारतीय सिनेमा के उन सितारों में से एक रहे, जिन्होंने हिंदी ही नहीं, बल्कि मराठी सिनेमा में भी खूब नाम कमाया। वह मराठी सिनेमा के सुपरस्टार थे। मराठी थिएटर और फिल्म एक्टर चंद्रकांत गोखले के बेटे विक्रम गोखले को आज भी हम दिल दे चुके सनम, नट सम्राट और अनुमति जैसी फिल्मों के लिए याद किया जाता है। फिल्म अनुमति के लिए विक्रम गोखले ने नेशनल अवॉर्ड भी जीता था। विक्रम गोखले एक फिल्मी परिवार से थे। उनकी परदादी दुर्गाबाई कामत थीं, जोकि भारतीय सिनेमा की पहली हीरोइन रहीं। वहीं दादी कमलाबाई कामत भी एक एक्ट्रेस रहीं। फिल्मी परिवार से होने के बावजूद विक्रम गोखले को करियर के शुरुआती दिनों में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। खासकर, तब जब उन्हें मुंबई में रहने को घर नहीं मिल रहा था। ऐसे वक्त में अमिताभ बच्चन ने उनकी मदद की थी। जब अमिताभ बच्चन ने विक्रम गोखले को घर दिलवाने के लिए महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री को चिट्ठी तक लिख दी थी। अमिताभ और विक्रम गोखले की बहुत ही गहरी दोस्ती थी।

## एक्टर अंगद बेदी ने 400 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड मेडल



हाल ही में पिता बिशन सिंह बेदी को खो चुके अंगद बेदी ने एक नया मुकाम हासिल किया है। उन्होंने दुबई में हुए एक ओपन ओपन इंटरनेशनल मास्टर्स 2023 एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है और इंटरनेशनल स्पोर्ट्स करियर की शुरुआत की है। अंगद इसके अलावा क्रिकेट की दुनिया में भी काफी एक्टिव रहे हैं और नाम कमा चुके हैं। वो बात अलग है कि उन्होंने अपने पिता की तरह भारत के लिए नहीं खेला। मगर पहचान जरूर बनाई है। अनुभवी एथलीटों के खिलाफ कम्पीट करते हुए, अंगद बेदी ने अपनी छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 67 सेकंड में दौड़ पूरी की। यह उपलब्धि उनके फलते–फूलते एक्टिंग करियर के साथ–साथ एक साल की कड़ी ट्रेनिंग के बाद आई है। इस साल की शुरुआत में, अंगद बेदी ने खेल के प्रति रुचि दिखाई थी और मुंबई में आयोजित एक टूर्नामेंट में अपना पहला सिल्वर मेडल जीता था। कोच ब्रिस्टन मिरांडा के मार्गदर्शन में, अंगद बेदी ने अपनी स्किल्स को निखारा। कोच ब्रिस्टन मिरांडा, जो वर्तमान में 400 मीटर बैरियर रेस में ग्लोबल रैंकिंग में 5वें स्थान पर हैं और 7 साल से एशिया नंबर 1 भी हैं, ने अंगद की जीत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंगद बेदी ने सोशल मीडिया पर टूर्नामेंट की फोटोज भी शेयर की हैं।

# चर्चा न भी करें तब भी सतीश का ख्याल दिमाग में रहता है

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*सतीश कौशिक को इस दुनिया से गए हुए कुछ महीने बीत चुके हैं, लेकिन उनके जाने का गम परिवार और दोस्तों को अभी सालता है। अनुपम खेर तो सतीश कौशिक के बारे में बात भी नहीं करना चाहते। एक्टर के मुताबिक, वह उन्हें याद करते हैं तो आंखों में आंसू आ जाते हैं। सतीश कौशिक का 9 मार्च 2023 में कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया था। एक्टर की मौत के बाद अनुपम खेर ने उनके परिवार का गार्जियन बनकर संभाला। अनुपम खेर दोस्त सतीश कौशिक की बेटी वंशिका का खूब ध्यान रख रहे हैं। लेकिन दोस्त का गम और उसकी यादें अनुपम खेर के दिल में उफनती रहती हैं। अनुपम खेर ने हाल ही में सतीश कौशिक के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह और अनिल कपूर किस तरह दोस्त के जाने के गम से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही बताया कि वो अब सतीश कौशिक के बारे में बात क्यों नहीं करते।*




**बताया क्यों नहीं करते सतीश कौशिक की बात**

अनुपम खेर ने कहा कि वह कभी भी सतीश कौशिक की मौत के गम से उबर नहीं पाएंगे। एक्टर उनकी आदत बन गए थे। अनुपम खेर ने कहा कि वह दुनिया के किसी भी कोने में रहें, पर सतीश कौशिक को कभी भूल नहीं पाएंगे। वह बोले, वह हमेशा मेरे लिए खड़ा था। जिस तरह मैं उसके साथ रहता था।



मैं थोड़ा स्टार की तरह उसके साथ पेश आता था, लेकिन वह ऐसा नहीं था। जब भी मैं और अनिल कपूर साथ होते हैं, तो सतीश के बारे में बात नहीं करते। इससे हम बचते हैं क्योंकि हमें पता है कि इससे सामने वाले को तकलीफ होगी।

**बात न भी करें, वो दिमाग में रहता है**

श्तो भले ही हम सतीश कौशिक के बारे में बात न करें, लेकिन वह हमेशा हमारे बीच रहता है। जिस पल हम साथ होते हैं, हमें खुद ही उस इंसान की कमी महसूस हो जाती है। भले ही हम सतीश की चर्चा न करें, लेकिन दिमाग में उसका ख्याल रहता है।

**अनुपम खेर, सतीश कौशिक और अनिल की यारी**

अनुपम खेर और सतीश कौशिक की 45 साल पुरानी दोस्ती थी। अनिल कपूर भी उनके पक्के यार थे। इन तीनों ने साथ में कई फिल्मों में काम किया था। तीनों यार हमेशा ही साथ उठते–बैठते और घूमते–फिरते थे। लेकिन 66 साल की उम्र में सतीश कौशिक इस दुनिया को अलविदा कह गए।

# एल्विश यादव को मिला बड़ा प्रोजेक्ट, होस्ट करेंगे टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया

*एल्विश यादव के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। वह अब टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया नाम के नए शो को होस्ट करते नजर आएंगे। साथ में करण कुंद्रा भी होस्ट हैं और मौनी रॉय एक स्पेशल रोल में हैं। शो 3 नवंबर से शुरू है।*



बिग बॉस जीतने के बाद से ही एल्विश यादव की किस्मत के तारे चमक उठे हैं। उनके पास म्यूजिक वीडियोज से लेकर कई शोज तक के ऑफर हैं। अब एल्विश यादव को एक और नया शो मिल गया है, जिसका नाम है टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया। मजेदार बात यह भी है कि एल्विश यादव इसे पॉपुलर टीवी स्टार करण कुंद्रा के साथ मिलकर होस्ट करेंगे। खुद एल्विश यादव ने भी यह कन्फर्म कर दिया है कि वह टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया का हिस्सा हैं, जो 3 नवंबर से जियो सिनेमा पर शुरू होगा।

**क्या होगा टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया में?**

इस शो में कपल्स के रिलेशनशिप को टेस्ट किया जाएगा। कपल्स पहले तो अलग होंगे और वो एक आइलैंड पर रहेंगे। वहीं सिंगल्स उन अलग हुए कपल्स को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश करेंगे, ताकि नए कनेक्शन बन सकें। देखना यह होगा किस कपल का रिश्ता टिक पाता है और किसके रिश्ते में दरार आती है।

**क्वीन अहफ हार्ट्स बनी हैं मौनी रॉय**

टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया को जहां करण कुंद्रा और एल्विश यादव होस्ट करेंगे, वहीं मौनी रॉय इसमें क्वीन ऑफ हार्ट्स बनी हैं। मौनी रॉय शो में कंटेस्टेंट्स को उनके भटकने पर गाइड करती नजर आएंगे। बेसिकली उनका काम कंटेस्टेंट्स को समझना है और देखना है कि वो किस स्थिति से गुजर रहे हैं और उनकी सोच क्या है।

**कैसे होस्ट होंगे एल्विश यादव?**

एल्विश यादव ने श्टेम्पटेशन आइलैंड इंडियाश की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसकी कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। फैंस एल्विश यादव के इस नए प्रोजेक्ट को लेकर बहुत एक्साइटेड हो गए हैं। एल्विश यादव की एक्टिंग का नमूना तो फैंस ने म्यूजिक वीडियोज में देख ही लिया। अब देखना होगा कि वह कैसे होस्ट बनते हैं।

# आम नहीं ये तस्वीर देखते ही खुल जाएगी आपके प्रेमी की नियत



**पार्टनर को दिखाएं ये फोटो**

इस फोटो को टिक टॉक पर द्वारा पोस्ट किया गया था, जो अक्सर अपने पेज पर विजुअल ब्रेन टीजर पोस्ट करती रहती है। इसके दो संभावित उत्तर हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि आप इस तस्वीर में सबसे पहले क्या देखते हैं?

*प्यार में कमिटमेंट बहुत जरूरी होता है, लेकिन कई सारे लोग इससे बचते हैं। कहीं आपका पार्टनर भी तो इसमें शामिल नहीं? इसका पता आप बहुत ही आसानी से बस एक तस्वीर की मदद से लगा सकते हैं।*

हर व्यक्ति अपने लिए एक ऐसा पार्टनर चाहता है, जो कमिटमेंट से डरता ना हो। पर अक्सर ऐसा हो नहीं पाता है। लोगों को सालों साथ रहने के बाद पता चलता है कि पार्टनर प्यार तो करता है लेकिन हमेशा प्यार करते रहने का कोई वादा नहीं कर सकता है। आमतौर पर इसका खुलासा रिश्ते को ऑफिशियल करने या इसकी जिम्मेदारी लेने की बात आने पर होता है। ध्यान रखें कमिटमेंट शब्द रिश्ते की सच्चाई और पार्टनर की असली नियत से जुड़ा होता है। कमिटमेंट अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए कई लोग इससे दूर भागते हैं। आपका पार्टनर ऐसा है या नहीं है? इसका पता आप इस तस्वीर से लगा सकते हैं।

**उड़ती चिड़िया दिखने का मतलब**

मिया बताती हैं, कि जिन व्यक्तियों को इस फोटो में सबसे पहले नीले आकाश में उड़ते सफेद कबूतरों का झुंड नजर आता है, वह लंबे समय के कमिटमेंट से बचते हैं। उन्हें जिंदगी में उत्साह पसंद होता है। साथ ही यह चीजों को ओवरथिंक भी करते हैं, जिसके कारण उनके जीवन में हमेशा तनाव बना रहता है।

**लड़की का चेहरा दिखने का मतलब**

तस्वीर में सबसे पहले लड़की देखने वाले लोग बहुत ही सहानुभूतिशील होते हैं, यह दूसरों की भावनाओं को अच्छी तरह से समझते हैं। लेकिन कभी–कभी यह चीज इन पर भारी भी पड़ जाती है यदि आसपास के लोग नेगेटिव हो। साथ ही इनमें कमिटमेंट को लेकर किसी तरह का डर नहीं होता है।

# सरगी की थाली में जरूर रखें ये चीजें

*करवा चौथ हिंदू महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस व्रत में महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखती हैं। सुबह से लेकर चांद निकलने तक ना कुछ खाती हैं और न ही कुछ पीती हैं। व्रत शुरू होने से पहले सास अपनी बहुओं को सरगी देती है, ताकि वह दिनभर स्वामी और ऊर्जावान बनी रहें। सरगी में पारंपरिक रूप से 7–9–11 तरह के छोटे–बड़े सभी तरह के फूड आइटम होते हैं। लेकिन ध्यान रखें, थाली में रखे सभी फूड आइटम स्वस्थ और पोषक तत्वों से भरपूर हों।*

**महिलाओं के लिए स्वास्थ्यप्रद आहार के बारे में जानें**

आहार विशेषज्ञ और वेट लॉस एक्सपर्ट पालकी चोपड़ा, न्यूट्रिशियस बाइट्स की संस्थापक ने बताया कि व्रत रखने से पहले अपने आहार में खासतौर से ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए, जिसमें पानी की मात्रा बहुत ज्यादा हो। ये आपको डिहाइड्रेट नहीं होने देते। अगर आप भी करवाचौथ का व्रत रख रही हैं लेकिन कमजोरी और थकान बहुत जल्दी हो जाती है, तो यहां कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताया गया है, जिन्हें आप सूरज निकलने से पहले सरगी के रूप में खा या पी सकती हैं।

**कार्बोहाइड्रेट से भरपूर नाश्ता खाएं**

सरगी में पराठा, डोसा या चीला खाया जा सकता है। ये चावल या गेहूं के आटे के ना हों, तो ज्यादा अच्छा है। इनके लिए साबुत अनाज के आटे का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि यह आटा किसी भी भोजन की न्यूट्रिशन वैल्यू को बढ़ा देता है। इन्हें आप सब्जी या फिर ताजा दही के साथ खा सकते हैं। दही और सब्जियों के साथ भरवां पराठे भी बहुत स्वादिष्ट लगते हैं, जो व्रत करने के दौरान आपको थका हुआ महसूस नहीं होने देते।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**दूध पिएं**

दूध प्री फास्ट फूड के तौर पर काफी अच्छा है। इसके सेवन से न तो आपको जल्दी भूख लगती है और न ही थकावट होती है। अगर आप दूध नहीं पी पातीं , तो दूध की कोई भी मिठाई और शेक का विकल्प्य चुन सकती हैं। इससे दिनभर काम करने की ताकत बनी रहेगी। कई लोग सरगी में दूध की फैनी भी खाते हैं, जिससे काफी देर तक प्यास नहीं लगती है। आप भी कुछ ऐसा ट्राय करके देख लीजिए।

**ताजे फल और सब्जियां**

व्रत के दौरान ऊर्जा और शरीर में पोषक तत्वों की जरूरत होती है। ताजे फल और सब्जियां इन दोनों ही जरूरत को पूरा करती हैं। पानी की कमी के कारण डिहाइड्रेशन हो सकता है। अगर आपको डिहाइड्रेशन की प्रॉब्लम है, तो सरगी में अनार, संतरा या पाइनएप्पल शामिल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि खट्टे फलों में पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। ये आपको निर्जलित होने से बचाते हैं।

**भीगे हुए मेवे**

व्रत के दौरान सरगी में रात में भिगोए हुए मेवे खाना अच्छा माना जाता है। सरगी की थाली में कम से कम 5 बादाम, 1–2 अखरोट और 3–4 किशमिश होना जरूरी है। इसके अलावा इसमें कद्दू के बीज, अलसी के बीज और सूरजमुखी के बीज बी शामिल कर सकते हैं। ये सभी चीजें पोषक तत्वों का भंडार हैं और सुबह तड़के इन्हें खाने से दिनभर ऊर्जा का स्तर बना रहता है।

**पनीर**

दिनभर बिना खाए पिए व्रत रखना है, तो पनीर से अच्छा कुछ नहीं है। व्रत के दौरान यह काफी ताकत देता है। बता दें कि 100 ग्राम पनीर में लगभग 11 ग्राम प्रोटीन होता है, जिसके सेवन से आपको पेट भरा हुआ महसूस होगा और बार–बार प्यास भी नहीं लगेगी।



## सोरायसिस से आपके दिल को भी हो सकता है खतरा, भागें डॉक्टर के पास

जब भी हम स्किन से संबंधित बीमारी की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमारे मन में ट्रेडिशनल मेडिसिन का खयाल आता है। लेकिन, ऐसा नहीं है। कई बार ट्रेडिशनल दवाइयों की वजह से हालात बेकाबू हो जाते हैं और स्किन पूरी तरह खराब हो जाती है। ऐसे हालात में इलाज करना थोड़ा मुश्किल होता है। हमारे पास भी कई ऐसे मरीज आते है, जो बताते है कि उन्होंने ट्रेडिशनल मेडिसिन का सहारा लिया है, जब जांच करते है, तो पता चलता है कि बड़ी मात्रा में स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी वजह से स्किन खराब हो गई है। यह कहना एम्स के डर्मेटोलॉजी विभाग के एचओडी कौशल वर्मा का है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले कई वर्षों में सोरायसिस के मामले बढ़े हैं। सिर्फ एम्स में लगने वाले पॉलीक्लिनिक में 2017 से 2021 तक 3 हजार मामले आए थे। जबकि, यह क्लिनिक सप्ताह में एक बार लगती है। ओपीडी में भी इसके मामले बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सोरायसिस के मरीजों पर डिप्रेशन और एंग्जाइटी को लेकर भी रिसर्च किया जा रहा है। डॉ. वर्मा के अनुसार, सर्दियों में सोरायसिस की समस्या ज्यादा होती है। भारत में इस समय लगभग 1 करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित है।

## कोविड के बाद इसलिए आ रहे कम उम्र में हार्ट अटैक

पिछले काफी समय से हार्ट अटैक के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। कोरोना के बाद तो हृदयघात से जवान लोगों की मौतें भी हो रही हैं। शारदीय नवरात्रि के दौरान गुजरात में गरबा खेलते हुए कुछ लोगों को हार्ट अटैक आने की खबर ने पूरे देश की चिंता बढ़ा दी थी। हर कोई जानना चाहता है कि आखिर इतने हार्ट अटैक क्यों आ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख एल मंडाविया ने इसका कारण बताया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड–19 के बाद बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामलों की वजह बताई है। एक न्यूज एजेंसी के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि जिन लोगों को कोविड–19 का गंभीर इंफेक्शन हुआ था, उन्हें कम से कम 1 से 2 साल तक कुछ काम करने से बचना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने इस टॉपिक पर एक डिटेलिंग रिसर्च की है। अध्ययन में देखा कि जो लोग पूर्व में कभी भी गंभीर कोविड इंफेक्शन झेल चुके हैं, उन्हें हार्ट अटैक से बचने के लिए एक से दो साल तक ज्यादा शारीरिक मेहनत वाला कोई भी काम नहीं करना चाहिए। दिल को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है।

## पानी गर्म करने वाली रॉड पर जमी सफेद परत बढ़ा देगी बिजली का बिल



ठंड के मौसम में ज्यादातर लोग गर्म पानी से ही नहाते हैं। वैसे तो पानी को गर्म करने के कई सारे साधन है, लेकिन इमर्शन रॉड की गिनती इसके सबसे किफायती विकल्पों में से की जाती है। पर ऐसा उसी समय तक होता है, जब तक रॉड साफ–सुथरी हो। यानी कि इस पर जंग या पानी में मौजूद नमक, कैल्शियम का सफेद जमाव ना हो। वैसे तो कई लोग इसे खुरचकर या रॉड को पटक कर निकाल लेते हैं। लेकिन इससे रॉड के डैमेज होने का खतरा बहुत अधिक होता है, ऐसे में आप यहां बताए गए उपायों की मदद ले सकते हैं। वैसे तो इमर्शन रॉड बहुत कम बिजली में ही पानी को गर्म कर देता है, लेकिन यदि इस पर सफेद परत चढ़ गई है तो इसका उल्टा भी हो सकता है। यानी कि पानी गर्म होने में ज्यादा समय और बिजली खर्च हो सकता है, क्योंकि रॉड जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कुकिंग में यदि आप विनेगर यूज करते हैं, तो वाटर हीटर रॉड की सफाई आपके लिए बिल्कुल फ्री हो जाएगी। क्योंकि विनेगर में रॉड को 4–5 घंटा भिगोने से इस पर जमी सख्त सफेद परत घूलने लगती है। इसके लिए एक बाल्टी में विनेगर डालें और इसमें रॉड को भिगोकर छोड़ दें। हाइड्रोजन पेरोक्साइड से भी आप इमर्शन रॉड पर जमी सफेद परत को हटा सकते हैं।



2018 में वनडे में किया था डेब्यू

## 5 साल की मेहनत लाई रंग, स्टार्क भी छूटे पीछे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 31वां मैच पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में टॉस जीतकर बांग्लादेश टीम ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत बेहद ही खराब रही, लेकिन पहले ही ओवर में टीम को झटका लगा। पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने बांग्लादेश टीम के ओपनर तनजिद को एलबीडब्ल्यू आउट किया। मैच में पहला विकेट लेते ही शाहीन शाह अफरीदी ने इतिहास रच दिया। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ ईडन गार्डन्स मैदान पर खेले जा रहे मैच में पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 1 विकेट लेते ही वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। बांग्लादेश की पारी का पहला ओवर लेकर आए शाहीन अफरीदी ने एक विकेट लेते ही वनडे में गेंदबाज द्वारा सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम पूरा किया। उन्होंने पारी के पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर यह मुकाम हासिल किया। बता दें कि अफरीदी ने अपने 51 मुकाबलों में यह बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। इस दौरान शाहीन अफरीदी ने मिचेल स्टार्क के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने 52वें मैच में यह कमाल किया था।

बता दें कि शाहीन ने 21 सितंबर 2018 में वनडे में डेब्यू किया था। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखते ही अपना जलवा दिखाना शुरू किया। उन्होंने वनडे में अब तक 51 मैच तक 101 विकेट हासिल कर लिए हैं, जिसमें 3 बार फाइव विकेट हॉल शामिल है। उनसे पहले वनडे में संदीप लमिचाने ने 41वें मैच में 100 वनडे विकेट चटकाए थे और राशिद खान ने 42वें मैच इनिंग में यह कारनामा किया था।

# उम्मीद करते हैं कि कोहली अपने बर्थडे पर शतक जड़ें

**क्रिकेट**

## विराट कोहली 5 को अपना 35वां जन्मदिन मनाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 5 नवंबर को अपना 35वां बर्थडे मनाएंगे। भारतीय टीम इसी दिन कोलकाता के इडन गार्डन्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना लीग मैच खेलेगी। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने अपनी चाहत बयां की है कि कोहली शतक जमाकर अपने बर्थडे को खास बनाएं। रिजवान ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि विराट कोहली 5 नवंबर को अपने वनडे करियर का 49वां शतक जमाएं।

रिजवान ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले आज तक से बातचीत में कहा, यह जानकर अच्छा लगा कि 5 नवंबर को कोहली का जन्मदिन है। मैं उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। भले ही मैं




अपने जन्मदिन का जश्न नहीं मनाता और मेरा इसमें कोई विश्वास नहीं है। विराट कोहली को बधाई देता हूं। उम्मीद करता हूं कि वो अपने जन्मदिन पर 49वां वनडे शतक जमाएं। मैं यह भी चाहता हूं कि वो इसी वर्ल्ड कप में अपना 50वां वनडे शतक जमाएं।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से भी विराट कोहली के 35वें जन्मदिन के बारे में सवाल किया गया। मगर उन्होंने इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया। पता हो कि मौजूदा वर्ल्ड कप में बाबर आजम खराब दौर से गुजर रहे हैं और उनकी टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है।

भारतीय टीम ने जहां अपने सभी छह मुकाबले जीते हैं, वहीं पाकिस्तान पर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। बाबर आजम को अंतिम–4 में पहुंचने के लिए अपने सभी बचे हुए मैच जीतने होंगे और साथ ही उसे भाग्य के सहारे की जरुरत पड़ेगी।

# हार्दिक पांड्या करेंगे कमबैक? सिराज पर गिर सकती है गाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में जीत का सिक्सर लगा चुकी टीम इंडिया अपने अगले मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगी। रोहित की पलटन टूर्नामेंट में अब तक शानदार फॉर्म में नजर आई है। बल्लेबाजी में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने जमकर धमाल मचाया है, तो गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और शमी की जोड़ी बल्लेबाजों के लिए काल साबित हुई है।

न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड के खिलाफ मैच मिस करने वाले हार्दिक पांड्या का श्रीलंका के खिलाफ खेलना भी मुश्किल नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हार्दिक मुंबई में टीम से जुड़ेंगे।



हालांकि, कप्तान रोहित और टीम मैनेजमेंट हार्दिक की इंजरी को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहेगी। दूसरी बात यह भी है कि भारत छह मैच पहले ही जीत चुका है, ऐसे में हार्दिक को एक और मैच में आराम कराया जा सकता है।

वर्ल्ड कप 2023 में मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड के खिलाफ सिराज की जमकर धुनाई हुई थी। इंग्लैंड के खिलाफ सिराज ने सिर्फ छह ओवर ही डाले थे। ऐसे में कप्तान रोहित सिराज की जगह पर शार्दुल ठाकुर को भी आजमा सकते हैं। हालांकि, इसके चांस काफी कम नजर आते हैं।

भारतीय टीम इस समय जबरदस्त फॉर्म में है। इंग्लैंड के खिलाफ टीम की धमाकेदार जीत की कहानी तेज गेंदबाजों ने लिखी थी। मोहम्मद शमी दो मैचों में 9 विकेट निकाल चुके हैं और अपनी रफ्तार से कहर बरपा रहे हैं। जसप्रीत बुमराह का सामना करना बल्लेबाजों के लिए टेढ़ी खीर साबित हुई है। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव की घूमती गेंदों ने भी बल्लेबाजों का जीना हराम करके रखा है।

## वानखेड़े में बल्लेबाज मचाएंगे तबाही, गेंदबाजों का होगा हाल बेहाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया की पिक्चर अब तक सुपरहिट रही है। रोहित की पलटन ने सभी छह मैचों में जीत का स्वाद चखा है। बल्लेबाजी में हिटमैन जमकर गदर काट रहे हैं, तो कोहली टीम के लिए मेगा इवेंट में मसीहा साबित हो रहे हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और शमी ने दुनिया के बड़े से बड़े बल्लेबाज की नाक में दम कर रखा है। भारतीय टीम अपनी इसी फॉर्म को श्रीलंका के खिलाफ 2 नवंबर को होने वाले मुकाबले में भी जारी रखना चाहेगी। भारत और श्रीलंका के बीच वर्ल्ड कप 2023 का अहम मुकाबला मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। वानखेड़े की पिच को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग माना जाता है। मुंबई के इस मैदान पर जमकर चौके–छक्कों की बरसात होती है। पिच में अच्छा उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर काफी अच्छे से आती है और रन बनाना बेहद आसान होता है। वर्ल्ड कप 2023 में इस मैदान पर अब तक दो मैच खेले गए हैं। साउथ अफ्रीका ने पहले मैच में स्कोर बोर्ड पर 399 रन लगाए थे।

## न्यूज डायरी



### हार से बौखलाए शाहिद अफरीदी ने पत्रकारों पर उतारा गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नेशनल टेलीविजन पर पर दिखाए जा रहे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की लीक हुई चौट से उसके पूर्व क्रिकेटर्स गुस्से में हैं। पाकिस्तानी मीडिया चैनल एआरवाई न्यूज ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सीओओ सलमान नसीर के साथ बाबर की चौट का स्क्रीनशॉट प्रसारित किया, जिसमें नसीर ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान से बोर्ड प्रमुख को कॉल करने पर प्रतिक्रिया मिलने के बारे में सवाल किया। बाबर ने जवाब दिया कि उन्होंने कभी जका अशरफ को नहीं कॉल किया। न्यूज एंकर ने हालांकि लीक हुए संदेशों को प्रसारित करने के लिए माफी मांगी, लेकिन देश के पूर्व क्रिकेटर असंवेदनशील व्यवहार के लिए मीडिया भड़के हुए हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने न्यूज चौनल की इस हरकत की निंदा करते हुए इसे घटिया हरकत बताया। समा टीवी से बात करते हुए अफरीदी ने कहा– मैं ये कहूंगा ये घटिया हरकत है। ऐसा नहीं किया जा सकता। हम अपने मुल्क को खुद ही बदनाम कर रहे हैं। आप किसी के निजी संदेश इस तरह कैसे दिखा सकते हैं। मैंने कहीं खबरों में सुना है कि बाबर पीसीबी प्रमुख से बात करने की कोशिश कर रहा है लेकिन वह जवाब नहीं दे रहे।

### पिता हैं मजदूर, सिक्योरिटी गार्ड बेटे ने लगाया मेडल का पंच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पिता मजदूरी करते हैं। बड़ी मुश्किल से परिवार का पेट पलता है। बेटा सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है और इसके साथ ही अपने सपने को पूरा करने के लिए हाड़तोड़ मेहनत करता है। आखिरकार वह सफल होता है और बड़े टूर्नामेंट में मेडल जीतता है। गुदड़ी के लाल की यह कहानी अगर कोई सुनेगा तो कहेगा कि किसी बॉलीवुड फिल्म के बारे में बात हो रही है, लेकिन यह पूरा सच है। यह वह सच है, जिसके किरदार के संघर्ष की असल कहानी सुनकर कोई भी रो पड़ेगा। दरअसल, गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में पेंचक सिलाट में मिला कांस्य पदक असम के युवा एथलीट तिलोक कुटुम की जिंदगी में आशा की नई किरण लेकर आया है। तिलोक ने पैसों की तंगी के कारण साल 2016 में अपना पसंदीदा खेल छोड़ दिया था, लेकिन अब वह पूरे जोश के साथ फिर मेट पर लौट आए हैं। दुनिया के सबसे बड़े नदी द्वीप मजुली से आने वाले तिलोक ने अपने कोच लख्यजीत डोले के कहने के बाद 2019 में राज्य चैंपियनशिप के 49 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इसमें धमाकेदार वापसी की। कोविड–19 लॉकडाउन ने उन्हें एक बार फिर से खेलों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। हालांकि उन्हें अगला मौका गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में मिला।

### अब एक ही शर्त पर पीसीबी के मुख्य चयनकर्ता पद पर लौटेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान और चीफ सेलेक्टर इंजमाम उल हक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अगस्त के महीने में उन्हें इस पद के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 3 महीने से पहले ही उन्होंने पीसीबी को इस्तीफा दे दिया है। इंजमाम ने इस्तीफा देने के बाद इस पद पर वापसी करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। इंजमाम ने समा टीवी से बातचीत के दौरान कहा कि मैं मीडिया में उठाए गए हितों के टकराव के आरोपों से दुखी हूं और इसकी वजह से पाकिस्तान टीम के चीफ सेलेक्टर पद से इस्तीफा देता हूं। इस बीच इंजमाम ने एक चेतावनी दी है और कहा है कि वह सिर्फ एक ही शर्त पर पीसीबी के चीफ सेलेक्टर की पद पर वापस लौटेंगे। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर इंजमाम उल हक पर टीम सेलेक्शन को लेकर भेदभाव के आरोप लगे थे, जिसकी जांच के लिए च्ब्ठ ने पांच सदस्यीय समिति भी बनाई गई है। इस बीच इंजमाम ने चीफ सेलेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि वह हितों के टकराव के आरोपों से दुखी है और जब तक पीसीबी पूरी तरह से जांच पड़ताल नहीं कर लेता और वह दोषी नहीं पाए जाते तो वह इस्तीफा दे रहे है। उन्होंने कहा कि मुझे पद छोड़ देना चाहिए और उन्हें जांच करने देना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर वह बेकूसर साबित होते है तो वह पीसीबी के चीफ सेलेक्टर का पद फिर से संभालने को तैयार है।



## संक्षिप्त समाचार

### महिला कर्मचारियों के लिए करवा चौथ पर अवकाश

**संवाददाता** देहरादून। सीएम पुष्कर सिह धामी सरकार ने महिलाओं को तोहफा दिया है। सरकार ने करवाचौथ के अवसर पर महिला कर्मचारियों को अवकाश देने का अदेश जारी कर दिया है। छह साल बाद सरकार की ओर से करवाचौथ पर महिला कर्मचारियों का अवकाश दिया गया है। इससे पहले 2016 में महिला कर्मचारियों के लिए अवकाश की घोषणा की गई थी। महिला कर्मचारियों के लिए सरकार ने करवा चौथ का सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन की ओर से करवा चौथ का सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने का आदेश किया गया।

### सीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अनेक रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अहम भूमिका निभाई। भारत की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### सीएम ने अभिनेत्री और सीएम योगी के साथ तेजस देखी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ तेजस फिल्म देखी। इस दौरान फिल्म की मुख्य अभिनेत्री कंगना रनौत भी मौजूद रही।

### डीएम ने की जिला जल एंव स्वच्छता समिति की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला जल एंव स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने विकासनगर अन्तर्गत नलकूप जलाशय ऊर्ध्व योजना के सम्बन्ध में भूड़ी, धूलकोट, बिदोली, माजरी मयचक, कारबारीग्रान्ट के भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के सम्बन्ध मे। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी विकासनगर तथा पेयजल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को शेष प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# 665 क्यूसेक पानी उत्तराखण्ड को दिया जाना आवश्यकः सीएम

**अनुरोध**

■ सीएम धामी ने यूपी के सीएम से आस्तियों एवं दायित्वों के विभाजन संबंधी विभिन्न विषयों पर की चर्चा



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रभु बदरी विशाल जी की प्रतिमा और प्रदेश में उत्पादित श्रीअन्न से बने उत्पाद उपहार स्वरूप प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के मध्य आस्तियों एवं दायित्वों के विभाजन संबंधी विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की।

भेंट के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जनपद हरिद्वार के असिंचित क्षेत्रों हेतु गंग नहर से 665 क्यूसेक जल सिंचाई हेतु उत्तराखण्ड राज्य को उपलब्ध कराये जाने का पुनः अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जनपद हरिद्वार के तीन विकासखण्डों के 74 गांवों की 18280 हैक्टेयर असिंचित भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु 35 कि0मी0 लम्बी इकबालपुर नहर प्रणाली तथा कनखल एवं जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। प्रश्नगत क्षेत्र में सिंचाई हेतु कोई नदी व अन्य जल श्रोत उपलब्ध नहीं हैं। जिस कारण गंग नहर से 665 क्यूसेक पानी उत्तराखण्ड को दिया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधीक्षण अभियन्ता गंग नहर संचालन मंडल, उप्र. सिं.वि, मेरठ द्वारा गंग नहर से 665 क्यूसेक जल मात्र खरीफ फसल हेतु उत्तराखण्ड राज्य को उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रारम्भिक फिजीबिलिटी रिपोर्ट प्रेषित की गयी थी एवं फिजीबिलिटी रिपोर्ट में अवगत कराया गया था कि 665 क्यूसेक जल खरीफ फसल हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है, और रबी की फसल की सिंचाई हेतु जल उपलब्ध नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य द्वारा टिहरी बाँध से मिलने वाले 4879 क्यूसेक अतिरिक्त जल में से 665 क्यूसेक जल की मांग की गयी है, वह न्यूनतम एवं औचित्यपूर्ण है, जो टिहरी बाँध से उपलब्ध होने वाले अतिरिक्त जल का 13.5 प्रतिशत मात्र है तथा उत्तर प्रदेश की प्रस्तावित उपयोगिता 4000 क्यूसेक जल के पश्चात् अवशेष उपलब्ध जल से भी कम है, जिस पर सहमति उप्र शासन स्तर पर लंबित है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से उत्तराखंड राज्य की प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं हेतु 665 क्यूसेक पानी की आपूर्ति उत्तरी गंग नहर से किये जाने के सम्बन्ध में स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद हरिद्वार में सिंचाई विभाग की 615.836 है0 भूमि एवं 348 सं0 आवासीय भवन तथा 167 सं0 अनावासीय भवन उत्तराखण्ड राज्य को हस्तान्तरण किये जाने हेतु दोनो मुख्य सचिवों द्वारा संयुक्त सहमति व्यक्त की गयी है। इसी प्रकार "जनपद ऊधमसिंहनगर की कुल 332.74 है भूमि में से 322.00 है0 नानक सागर बांध डूब क्षेत्र की भूमि से उत्तराखण्ड राज्य के सहयोग से अतिक्रमण हटाये जाने तथा अवशेष 10.748 है0 भूमि उत्तराखण्ड राज्य को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में शीघ्र निर्णय लिये जाने की अपेक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों के अधिकारियों द्वारा बनबसा स्थित भूमि का पुनः सर्वेक्षण कर कन्टूर मैप एवं प्लान तैयार कर लिया गया है तथा उस पर विभिन्न प्रकार की भूमि का अंकन भी कर लिया गया है। इन सभी बिंदुओं पर दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ हुई बैठक में सैद्धान्तिक सहमति प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि जिन परिसम्पत्तियों के उत्तराखण्ड राज्य को हस्तान्तरण पर सहमति हो गयी है, उनके हस्तान्तरण के लिये शीघ्र शासनादेश निर्गत किया जाये।

### सीएम धामी ने यूपी के सीएम योगी से की मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य के मध्य आस्तियों एवं दायित्वों के विभाजन के सम्बन्ध में भी चर्चा की।

## युवाओं को नशे के झांसे से बचाने के लिए उठाए प्रभावी कदम

**शुभारंभ**

■एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का किया शुभारंभ



**संवाददाता**

देहरादून। कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने मंगलवार को होटल पैसिफिक में आयोजित देहरादून नगर निगम क्षेत्र को धूम्रपान मुक्त एवं स्वच्छ शहर बनाने हेतु एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं बालाजी सेवा संस्थान के सहयोग से देहरादून नगर निगम क्षेत्र को धूम्रपान मुक्त एवं स्वच्छ शहर बनाने हेतु तम्बाकू विक्रेता लाइसेंस क्रियान्वयन के दृष्टिगत आयोजित इस संवेदीकरण कार्यशाला में तम्बाकू के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। तथा तम्बाकू विक्रेताओं का पंजीकरण कर लाइसेंस निर्गत कराने पर बल दिया गया। ताकि तम्बाकू किसी अन्य दुकानों पर विक्रय न किया जा सके। वित्त एवं शहरी विकास मंत्री ने युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए स्कूलों, कालेजों समेत शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कोटपा नीति के तहत स्कूल कालेजों के सौ मीटर की परिधि में तम्बाकू उत्पाद विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। तथा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान का उपयोग निषेध किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन करने के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेषतौर पर युवाओं को नशे के झांसे से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया।

विधायक राजपुर खजानदास ने तम्बाकू प्रचलन अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में सामाजिक परिवर्तन आने से एवं जागरूकता बढ़ने से तम्बाकू के सेवन पर कुछ हद तक अंकुश लगाने में कामयाब हुए है। लेकिन गुटखा,खैनी अन्य नशीले पदार्थों के प्रभावी रोकथाम एवं युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए अहम कदम उठाने की जरूरत है।

### लखनऊ-दून के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का अनुरोध

**संवाददाता** देहरादून। लखनऊ में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर लखनऊ–देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे शीघ्र इस मामले में रेल मंत्री से वार्ता करेंगे। पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से लखनऊ में पदाधिकारियों ने भेंट कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया कि लखनऊ सहित पूर्वी एवं मध्य उत्तर प्रदेश के जिलों में देहरादून(उत्तराखंड) के लाखों लोग रहते हैं। ऐसे में इन तमाम लोगों को लखनऊ से देहरादून, उत्तराखण्ड जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः लखनऊ–देहरादून के मध्य वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने उक्त लोगों को आश्वस्त किया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।